कार्यालय प्राचार्य

**शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय, गुण्डरदेही, जिला – बालोद (छ.ग.)**

**Website - http://www.govtcollegegunderdehi.in/ Email Id – gskycollege@gmail.com**

**गुण्डरदेही, दिनांक – 01-08-2025**

# :: प्रवेश तिथि में वृद्धि सूचना ::

## बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर
## एवं
## एम.ए. भूगोल प्रथम सेमेस्टर

शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर की कक्षाओं में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश पोर्टल को खोला गया है, जिसकी तिथि विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित की गई है। महाविद्यालय में स्नातक स्तर में संचालित पाठ्यक्रम बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी. प्रथम सेमेस्टर एवं स्नातकोत्तर स्तर में संचालित पाठ्यक्रम एम.ए. भूगोल प्रथम सेमेस्टर की कक्षाओं में रिक्त सीटों पर प्रवेश के इच्छुक छात्र–छात्राएं विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना का अवलोकन करने के पश्चात् विश्वविद्यालय के पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन प्रवेश आवेदन फार्म भरना सुनिश्चित करें। छात्र–छात्राएं निर्धारित तिथि में महाविद्यालय के सूचना पटल तथा महाविद्यालय के वेबसाइट http://www.govtcollegegunderdehi.in/ से मेरिट सूची का अवलोकन कर सकते हैं। मेरिट सूची के आधार पर छात्र–छात्राएं महाविद्यालय में अपने समस्त अनिवार्य दस्तावेजों की मूल एवं छायाप्रति के साथ प्रवेश समिति के समक्ष उपस्थित होकर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।

**ऑनलाईन प्रवेश फार्म के साथ लगाये जाने वाले दस्तावेजों की सूची –**

01. दसवीं एवं बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
02. स्नातक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति। (आवश्यकतानुसार)
03. स्थानांतरण प्रमाण, चरित्र प्रमाण पत्र एवं माइग्रेशन प्रमाण पत्र की मूलप्रति।
04. पात्रता प्रमाण पत्र की मूलप्रति। (आवश्यकतानुसार)
05. जाति एवं छ.ग. मूल निवासी प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
06. आधार कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
07. यदि गेप है, तो गेप प्रमाण पत्र की मूलप्रति।
08. अधिभार/दिव्यांगता/स्वतंत्रता संग्राम सेनानी से संबंधित आवश्यक दस्तावेज की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
09. स्वयं का ABC (Academic Bank of Credit) आई.डी. की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
10. पासपोर्ट साइज एक फोटो, स्वयं का Whats'app No. एवं E-Mail id

**टीप :–**

01. संकाय परिवर्तन कर प्रवेश चाहने वाले छात्र – छात्राओं के प्राप्तांक में 05% अंक कम किये जाने के पश्चात् प्रावीण्य सूची में आने पर प्रवेश दिया जायेगा।

PRINCIPAL
Govt. Shahid Koushal Yadav College
Gunderdehi, Distt.-Balod (C.G.)

# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ शासन के अधिनियम क्र. 16/2015 द्वारा स्थापित)

Email.-exam@durguniversity.ac.in Website :- www.durguniversity.ac.in Phone No. 0788-2359100


क्र. 295 /प्रवेश/2025 दुर्ग, दिनांक 01/08/2025

## //अधिसूचना//

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक 270/प्रवेश/2025 दुर्ग, दिनांक 03-06-25 तथा क्रमांक 277/प्रवेश/2025 दुर्ग, दिनांक 23-06-25 के अनुक्रम में माननीय कुलपति महोदय जी से अनुमोदन उपरांत विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित हो रहे स्नातक/स्नातकोत्तर/डिप्लोमा/पीजी डिप्लोमा/एम.फिल. कक्षाओं में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के प्रथम सेमेस्टर/वर्ष में <u>नियमित छात्र/छात्रा</u> के रूप में प्रवेश हेतु प्रवेश पोर्टल पुनः खोला जा रहा है। जिसकी तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है।

| क्र. | विवरण | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | **ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि** | 01-08-2025 से 08-08-2025 तक |
| 02 | महाविद्यालयों में प्रवेश की तिथि | 09.08.2025 से 14.08.2025 तक |

टीपः- प्राचार्य, उपरोक्त तिथि में सीटें रिक्त होने की स्थिति में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी प्रवेश मार्गदर्शिका के नियमानुसार प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करेंगे।

कुलसचिव

**क्र. 296 /प्रवेश/2025** **दुर्ग, दिनांक 01/08/2025**

**प्रतिलिपिः-**

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के प्रमुख सचिव, राजभवन, रायपुर, छत्तीसगढ़।
2. सचिव, उच्च शिक्षा, छत्तीसगढ़ शासन महानदी भवन, मंत्रालय, नया रायपुर।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक-सी-30, द्वितीय/तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर।
4. अधिष्ठाता छात्र कल्याण/वित्त अधिकारी/उ.कु.स. परीक्षा/अकादमिक/गोपनीय एवं संबंधित कार्य सहायक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग।
5. प्राचार्य, संबंधित समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग।
6. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग।
7. संपादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र/पत्रिकाएं दुर्ग/बेमेतरा / राजनांदगांव/ कबीरधाम /बालोद / मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी/ खैरागढ़-छुईखदान-गंडई को इस निवेदन के साथ कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्रों के आगामी अंक में छात्रहित को ध्यान में रखते हुए समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

उपकुलसचिव